संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, रांची

(सत्र - 2020-21)

कक्षा-प्रथम **पुस्तक-दिव्य भारती**

विषय-हिन्दी

पाठ- 2 (केका)

शब्दार्थ-

बारिश - वर्षा
बच्चा - बालक
खोखल - पेड़ की कोटर
डाली - टहनी

प्रश्न 1. सोचिए और बोलिए –

1. **आँगन में क्या था ?**

उत्तर- आँगन में पेड़ था ।

2. **बारिश कब बंद हुई ?**

उत्तर- बारिश सुबह बंद हुई ।

3. **बच्चे को किसमें लपेटा गया ?**

उत्तर- बच्चे को तौलिए में लपेटा गया ।

4. **गिलहरी कहाँ रहती थी?**

उत्तर- गिलहरी पेड़ पर रहती थी ।

प्रश्न 2. सोचिए और लिखिए –

1. **गिलहरी का बच्चा कहाँ पड़ा था ?**

उत्तर- गिलहरी का बच्चा पेड़ की जड़ के पास **पड़ा था ।**

2. **गिलहरी के बच्चे का क्या नाम रखा गया ?**

उत्तर- गिलहरी के बच्चे का नाम केका रखा **गया ।**

3. **पिताजी ने गिलहरी के बच्चे को कैसे ठीक किया ?**

उत्तर- पिताजी ने गिलहरी के बच्चे को **बोतल से दूध पिला कर ठीक किया ।**

4. **केका को क्या खाना पसंद था?**

उत्तर- केका को फल और रोटी खाना पसंद था ।

3. सही चित्र पर (✓) लगाइए–

(i) पेड़ पर एक रहती थी।

(ii) पिता जी  लाए।

(iii) गिलहरी का बच्चा  चाव से खाता था।

(iv) पिता जी ने छोटी–सी निकाली।

4. दिए गए गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

धीरे–धीरे वह पेड़ पर चढ़ने–उतरने लगा। ज्यादा समय वह पेड़ पर ही बिताता, लेकिन रोज़ सुबह घर में ज़रूर आता। हम उसे दूध पिला देते। अब वह पेड़ पर ही रहता है। पेड़ की डाल पर दौड़ता है।

(i) 'वह' कौन है?

उत्तर – वह गिलहरी का बच्चा है।

(ii) उसे क्या पिलाया जाता था?

उत्तर – उसे दूध पिलाया जाता था।

(iii) वह कहाँ रहने लगा?

उत्तर – वह पेड़ पर रहने लगा।

भाषा सीखें

1. उलटे अर्थवाले शब्द मिलाइए–

(i)	पास	धीरे
(ii)	तेज़	बाहर
(iii)	अंदर	दूर

2. एक के अनेक बनाइए–

(i)	बच्चा	बच्चे
(ii)	तौलिया	तौलिए
(iii)	रोटी	रोटियाँ

3. पढ़िए और समझिए–

व + ह   ए + क   –   **वर्ण**

वह   एक   लड़का   है   –   **शब्द**

वह एक लड़का है।   –   **वाक्य**

वर्णों से **शब्द** बनते हैं और **शब्दों** से **वाक्य** बनते हैं।

4. दिए गए वर्णों से तीन शब्द बनाइए और इन शब्दों से वाक्य बनाइए–

घ   ल   र   ज   फ   ड़

शब्द	वाक्य
घर	अमन घर चल।
फल	राम फल चख।
जल	सीमा जल पी रही है।

पाठ से आगे

1. चित्रों को पहचानिए और बताइए कि कौन उछल-कूद करता है और कौन नहीं?

उछल-कूद करने वाले	उछल-कूद नहीं करने वाले
गिलहरी	शेर
बंदर	गाय
कंगारू	बकरी
खरगोश	भालू
हिरन	ऊँट